प्रेस नोट

थाना–पिलखुवा **दिनांकः- 11-06-2024**

थाना पिलखुवा व थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही कर छिजारसी टोल प्लाजा पर एक जेसीबी चालक द्वारा जेसीबी से टोल बूथ में तोड़फोड़ व सडक दुर्घटना में लोगों को घायल करने वाले जेसीबी चालक को अल्प समय में घटना में प्रयुक्त जेसीबी सहित किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः–

आज दिनांक 11.06.2024 को थाना पिलखुवा क्षेत्रान्तर्गत छिजारसी टोल प्लाजा पर एक जेसीबी चालक द्वारा जेसीबी से टोल बूथ में तोड़फोड़ करने के पश्चात थाना गढमुक्तेश्वर क्षेत्रान्तर्गत एक कार व 02 मोटर साइकिल में टक्कर मारने की घटना कारित की गई जिसमें कुछ लोग घायल हुए है, जिसके संबंध में थाना पिलखुवा व थाना गढमुक्तेश्वर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना में संलिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये थे।

कार्यवाहीः–

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा व थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए उपरोक्त जेसीबी चालक को ब्रजघाट–पलवाडा मार्ग से अल्प समय में घटना में प्रयुक्त जेसीबी सहित गिरफ्तार किया गया है एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढमुक्तेश्वर व थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः–

धीरज पुत्र विद्याराम निवासी सिखारा थाना गुन्नौर जनपद बदायूं।

बरामदगी का विवरणः–

घटना में प्रयुक्त जेसीबी रजि0 नं0–यूपी–14केटी–4255।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. निरीक्षक प्रभाकर कैन्तुरा थाना प्रभारी पिलखुवा जनपद हापुड।
2. उ0नि0 इन्द्रकांत यादव चौकी प्रभारी ब्रजघाट थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
3. उ0नि0 यूटी अनुपम कुमार थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
4. है0का0 16 पवनवीर थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
5. का0 994 हरिमान सिंह थाना गढमुक्तेश्वर जनपद हापुड।
6. है0का0 816 नरेश कुमार पीआरवी–2987 ।
7 का0 चालक 823 राजकुमार सिंह पीआरवी–2987।